53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.0°c | अधिकतम 32.0 °c

**अमृतवाणी**

जीवन में किसी को परखने का नहीं बल्कि समझने का प्रयास करें।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

भाजपा सरकारों की नाम बदलने की प्रवृत्ति संकीर्ण राजनीति का प्रतीक है : मायावती



कमाल है.... आपके द्वारा बदले गये नामों तक को बदल दिया......

सूर्योदय - 6:07, सूर्यास्त - 6:38 | वर्ष : 53/ अंक : 90 | बुधवार, 02 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, पंचमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

# 'ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई स्विफ्ट' एक झटके में खत्म हो गयी चार जिंदगियां

## मृतकों में दो मासूमों सहित चार जिंदगियां हुई खत्म

**मुजफ्फरनगर, 01 अप्रैल (बु.)।** स्विफ्ट कार और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में मुजफ्फरनगर के छपार थाना क्षेत्र के तेजलहेड़ा चौराहे पर उस समय दर्दनाक हादसा हो गया, जब चौराहे पर एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे पीछे से जा टकराई। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि गाड़ी में सवार पांच लोगों में से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। दुःखद बात यह है कि चारों एक ही परिवार के लोग थे और मृतकों में दो मासूमों की भी जान गयी है। आपको बता दें कि रात्रि लगभग 10 बजे मेरठ से चलकर छपार थाना क्षेत्र के तेजलहेड़ा चौराहे पर बसेड़ा के रास्ते स्विफ्ट कार सवार देवबंद की ओर जा रहे थे, तभी उनकी कार एक ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराई और कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संभलने का मौका ही नहीं मिला और कार पूरी तरह से ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे जा घुसी। कार में सवार 20 वर्षीय सानिया पुत्री जुनैद, खुशनुमा पत्नी जनैद, 3 वर्षीय निराह पुत्री बिलाल, 1.6 वर्षीय तुबा पुत्री जुनैद की मौके पर ही मौत हो गयी। गाड़ी में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें एक व्यक्ति अभी गंभीर रूप से घायल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। चारों मृतकों को भी एम्बूलेंस से जब जिला चिकित्सालय लाया गया तो जिला चिकित्सालय एम्बूलेंसों की आवाज से गूंज उठा, वहीं परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों का रो-रोकर बुला हाल था और परिवार के लोग यह तक बताने की स्थिति में नहीं दिखे कि उक्त हादसा आखिर पलक झपकते ही कैसे हो गया और एक झटके में कैसे परिवार के चार लोग एक साथ चले गए। समाचार लिखे जाने तक सैंकड़ों लोगों का जमावड़ा जिला अस्पताल में लगा हुआ था और लोग यही जानकारी करने की कोशिश कर रहे थे कि उक्त हादसा कैसे हुआ?






# शुरू हुआ अवैध ई-रिक्शाओं के खिलाफ धरपकड़ अभियान

## पहले दिन 57 ई-रिक्शा टीम की आई जद में, की गई सीज

**मुजफ्फरनगर, 01 अप्रैल (बु.)।** जनपद में निर्बाध रूप से यातायात के मुक्त प्रवाह को गति प्रदान कराने के साथ बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के पवित्र उद्देश्य के निमित्त मंगलवार को प्रदेश के साथ जिले में बिना प्रपत्रों के सड़कों पर दौड़ रही ई-रिक्शा चैकिंग अभियान शुरू हो गया। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद परिवहन विभाग ने अभियान के तहत अवैध ई-रिक्शाओं व ऑटो वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पहले दिन 57 वाहनों को सीज कर दिया। जिले में शुरू इस अभियान में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीमें इस कड़ी में पहली से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान को चलाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीते दिवस कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्रदेश में बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के साथ यातायात के मुक्त प्रवाह को गति देने के लिए सभी जनपदों में अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे टेंपो, ई-रिक्शा चालकों का प्राथमिकता के साथ वेरीफिकेशन कराए जाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने इस बात को लेकर भी विशेष रूप से फोकस किया था कि प्रदेश में नाबालिग किसी भी तरह वाहन न चलाएं। किरायेदारों का भी वेरीफिकेशन कराया जाए एवं बढ़ती ओवरलोडिंग को जीरो प्वाइंट पर ही रोके जाने के लिए जनपदों में गठित टास्क फोर्स में परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया जाए। इन सभी निर्देशों के पालन और उचित क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में परिवहन विभाग द्वारा अप्रैल माह में विशेष अभियान चलाने के निर्देशों के बीच जनपद में परिवहन विभाग के अफसरों ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त टीम बनाकर सड़कों पर उतरते हुए अभियान चलाया। इस बीच विभागीय टीमों द्वारा की गई कार्यवाही में एसपी ट्रैफिक अतुल दुबे की टीम ने जहां 42 ई-रिक्शाओं को दस्तावेजों के अभाव में सीज किया, वहीं दूसरी ओर परिवहन विभाग की टीम ने इस दौरान 15 ई-रिक्शाओं को मुख्य चौराहों पर बिना प्रपत्रों के संचालित पाए जाने अथवा वैध लाइसेंस के बिना संचालित पाए जाने पर सीज किया गया। नगरीय क्षेत्र में की गई कार्रवाई में उक्त टीमों ने मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, बाजारों के साथ अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में चेकिंग में यह उपलब्धि हासिल की। नगर में शुरू अभियान से दिनभर लोगों में हड़कंप मचा रहा।



**इन्होंने कहा-** एआरटीओ प्रर्वतन अजय मिश्रा ने बताया कि यदि कोई ई-रिक्शा या ऑटो बिना अनुमति के पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें वाहन जब्त करने के साथ-साथ जुर्माना और लाइसेंस निरस्तीकरण किए जाने का प्रावधान शामिल होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी नाबालिग को वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो ऐसे मामलों में उसके अभिभावकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज से शुरू चेकिंग अभियान पूरे अप्रैल में निरन्तर ऐसे ही जारी रहेगा।

## सड़क हादसे में 18 वर्षीय जैद कुरैशी की मौत, साथी गंभीर घायल

**शाहपुर, 01 अप्रैल (बु.)।** कस्बे के मंसूरपुर रोड पर स्कूटी में ट्रक की टक्कर लगने से स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया तथा कस्बे में भी शोक का माहौल है।



कस्बे के मौहल्ला कस्सावान निवासी कल्लू कुरैशी पहलवान का 18 वर्षीय पुत्र जैद अपने साथी 20 वर्षीय सावेज के साथ स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से गांव बसधाड़ा गया था, जब दोनों स्कूटी सवार युवक गांव बसधाड़ा से कस्बे में वापस आ रहे थे, तो मंसूरपुर रोड पर एक भट्टे के पास सामने से आ रहे ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों गम्भीर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने जैद को मृत घोषित कर दिया। उसके साथी सावेज को प्राथमिक उपचार देने के साथ जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन व सैकड़ों कस्बेवासी अस्पताल पहुंच गए। युवक की मृत्यु से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, जबकि कस्बे में शोक छा गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को मोर्चरी भिजवा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेने के साथ चालक को हिरासत में ले लिया है।

# पटाखा फैक्ट्री में भीषण ब्लास्ट से स्लैब उड़े, 18 की मौत



## मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता

**गांधीनगर, 01 अप्रैल (वार्ता)** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को कहा कि राज्य के बनासकांठा जिले के डिसा में पटाखों की फैक्ट्री में आग लगने से श्रमिकों की मृत्यु की घटना हृदयविदारक है। दुख की इस घड़ी में मेरी आत्मीय संवेदना मृतकों के स्वजनों के साथ है। राज्य सरकार मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये और घायल लोगों को 50,000 रुपये की सहायता प्रदान करेगी। श्री पटेल ने आज एक्स पर पोस्ट में लिखा, ''डिसा में पटाखों की फैक्ट्री में आग लगने से श्रमिकों की मृत्यु की घटना हृदयविदारक है। दुख की इस घड़ी में मेरी आत्मीय संवेदना मृतकों के स्वजनों के साथ है।'' इस दुर्घटना में राहत-बचाव और उपचार की कार्रवाई को लेकर मैं प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूँ। घायल लोगों को जल्दी से उचित उपचार मिले, इस दिशा में मैंने प्रशासन को निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा,''राज्य सरकार मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये और घायल लोगों को 50,000 रुपये की सहायता प्रदान करेगी। ईश्वर मृतक श्रमिकों की आत्मा को शांति प्रदान करे और घायल लोगों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दे, ऐसी प्रार्थना करता हूँ।''

**बनासकांठा, 01 अप्रैल (एजेंसी)।** गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा कस्बे में मंगलवार (1 अप्रैल) को एक पटाखा फैक्ट्री में आग लग जाने से 18 लोगों की मौत हो गई। आग की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड के साथ एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए पहुंची। यह हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ। फैक्ट्री धुनवा रोड पर स्थित है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, डीसा ग्रामीण पुलिस थाने के निरीक्षक विजय चौधरी ने बताया कि कस्बे के निकट स्थित फैक्ट्री में आग लगने के बाद हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के कारण उसके कुछ हिस्से ढह जाने से कई श्रमिक फंस गए। वहीं बनासकांठा कलेक्टर मिहिर पटेल ने कहा कि" आज सुबह हमें डीसा के औद्योगिक क्षेत्र में एक बड़े विस्फोट की सूचना मिली। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। कई घायल मजदूरों को अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि फैक्ट्री का स्लैब ढह गया।" आग इतनी भीषण थी कि गोदाम का मलबा 200 मीटर दूर तक उछला। मृत श्रमिकों के अंग दूर-दूर तक बिखर गए। आग कांड के बाद जेसीबी की मदद से मलबा को हटाया गया। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि संदेह है कि दुर्घटना के समय 20 से अधिक लोग मौजूद थे। अब तक 18 शव बरामद किए गए हैं, 4 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एबीपी अस्मिता की रिपोर्ट के मुताबिक, गोदाम में केवल भंडारण की अनुमति थी, जबकि यहां गोदाम के नाम पर पटाखा फैक्ट्री चल रही थी। दावा है कि गोदाम में बॉयलर के कारण भीषण आग लग गई। गोदाम में विस्फोट के बाद मालिक फरार हो गया। डीसा जीआईडीसी अग्नि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व विधायक शाहनवाज राणा समेत चौदह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**मुजफ्फरनगर, 1 अप्रैल (बु.)।** सेंट्रल जीएसटी टीम पर हमले के मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व विधायक शाहनवाज राणा समेत 14 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर 2024 को सेंट्रल जीएसटी टीम ने वहलना चौक स्थित कादिर राणा की फैक्ट्री में छापामार कार्यवाही की थी। इस दौरान जीएसटी अधिकारियों सहित महिला अधिकारियों पर भी हमला कर गाड़ी में तोड़फोड़ की गयी थी व सेंट्रल जीएसटी की डिप्टी डायरेक्टर से अभद्रता के आरोप भी लगे थे। इस मामले में पुलिस ने मौके से ही पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, पूर्व सांसद की दोनों बेटियों व सद्दाम राणा को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान पूर्व सांसद को 120-बी का मुजरिम बनाते हुए उन पर जानलेवा हमले की धारा बढ़ाई थी। हालांकि इस मामले में कादिर राणा को कोर्ट से जमानत मिल गयी थी। अब थाना सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में कादिर राणा, शाहनवाज राणा, भतीजे सद्दाम राणा, मौहम्मद शाह राणा पुत्र कादिर राणा, बेटी साजिया राणा, उजैर, बिस्मिल, इमरान और मौहम्मद यूसुफ सहित 14 आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा, महिला अधिकारियों से छेड़छाड़ समेत अन्य कई धाराओं में चार्जशीट दाखिल कर दी है, वहीं जीएसटी चोरी में पूर्व शाहनवाज राणा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी। अन्य आरोपियों के हाईकोर्ट जाने के कारण हाईकोर्ट के निर्देशन का इंतजार किया जा रहा है।



### शाहनवाज राणा का मेडिकल जिला कारागार में पेश

**मुजफ्फरनगर, 1 अप्रैल (बु.)।** पूर्व विधायक शाहनवाज राणा ने कुछ दिन पहले आरोप लगाया था कि उनके साथ जिला कारागार में मारपीट हुई है। उनके अधिवक्ता ने ऐतराज जताते हुए पूर्व विधायक के साथ मारपीट की बात कोर्ट में रखी थी, जिसके बाद कारागार के हॉस्पिटल में उनका मेडिकल कराया गया, जहां आज कोर्ट में पेश हुई रिपोर्ट में पूर्व विधायक को स्वस्थ बताया गया है। आपको बता दें कि जिला कारागार में बंद शाहनवाज राणा पर जेलर राजेश कुमार सिंह ने एक काले रंग का मोबाइल बरामद करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा नई मण्डी कोतवाली में दर्ज कराया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने कोर्ट में रिपोर्ट पेश की, जिसमें पूर्व विधायक स्वस्थ बताए गए। जिला कारागार की मेडिकल रिपोर्ट पर भी ऐतराज जताया गया, जिसमें अब जिला अस्पताल में मेडिकल कराए जाने की मांग की गयी है।

## घरेलू कलह के चलते अधेड़ ने की आत्महत्या

**तितावी, 01 अप्रैल (बु.)।** घरेलू विवाद में अधेड़ ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया है। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। थाना क्षेत्र के बघरा मे अम्बेड़कर चौक के निकट घरेलू विवाद कर्ज के पैसों के लेन-देन को लेकर बेगराज 50 वर्ष पुत्र प्रकाश ने पहले तो शराब पी और उसके बाद खुद को कमरे में बन्द कर जहर खा लिया। जहर खाने पर हालात बिगड़ते देख आनन-फानन में परिजन उसे लेकर बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर बघरा चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घटना के सम्बंध में परिजनों से जानकारी ली। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बिना ही शव को सौंपने की बात पुलिस से कही, जिसके बाद थाना तितावी पुलिस ने बेगराज के शव को परिजनों को सौप दिया। पिछले तीन दिन में तितावी थाना क्षेत्र में आत्महत्या की ये दूसरी घटना है, इससे पूर्व साल्हाखेड़ी निवासी गौरव पुत्र शीषपाल ने आम के पेड़ पर खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

# पत्नी शालिनी के आरोपों के बाद पति प्रणव बोला 'कहीं मेरा भी न हो जाए नीले ड्रम वाला हाल'

## एटूजेड कॉलोनी में तीन दिन से चल रहा हाईटेंशन ड्रामा, हुआ समझौता

**मुजफ्फरनगर, 1 अप्रैल (बु.)।** एटूजेड कॉलोनी में तीन दिन पहले बुढ़ाना की रहने वाली नवविवाहिता अपने ससुराल के गेट पर आकर बैठ गयी थी और अपने पति प्रणव सिंघल पुत्र विरेन्द्र सिंघल पर पचास लाख रुपये मांगने के खुलकर आरोप लगाए थे। तभी से घर में मौजूद प्रणव उसके पिता विरेन्द्र सिंघल और उनकी माता घर से चले गए थे। पुलिस को दोनों ओर से इस मामले की सूचना दे दी गयी थी, तभी से पुलिस समाज के लोगों के जरिए इस मामले को समाप्त कराने के प्रयास में लगी थी। नगर के गणमान्य लोगों के बीच गुरूवार को दोनों पक्षों को बैठाकर उक्त फैसला करा दिया गया। फैसले से पूर्व प्रणव ने प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी कि वह दहेज के आरोपों से नहीं डर रहा। उसे डर है कि यदि शालिनी ने दोबारा घर में प्रवेश कर लिया तो कब उसके या उसके माता-पिता का हाल नीले ड्रम की घटना जैसा हो जाएगा, शायद उसे ये खुद भी पता नहीं लगेगा। प्रणव का कहना था कि विदेश जाने के दौरान भी शालिनी ने उसका तमाशा विदेशी सड़कों पर भी अकारण निकाला था। इसी से डरकर वह विदेश का हनीमून पैकेज भी अधूरे में छोड़कर वापस भारत लौट आया था। प्रणव के इस बयान के बाद पुलिस व सामाजिक लोगों ने इस मामले को तुरन्त निपटाने की ठानी और शाम चार बजे महावीर चौक स्थित 7 स्काई होटल में युवक, युवक के पिता, युवती के पिता, चाचा आदि लोगों को समझौते के लिए बुलाया गया, जहां काफी गहमा-गहमी के बाद दोनों पक्ष नवविवाहिता को घर में रखने के लिए तैयार हो गए। लगभग 6 बजे समझौता होने के बाद गणमान्य लोगों की उपस्थिति में प्रणव के घर पहुंचा गया, जहां मीडिया के सामने समझौते की बात बताकर दोनों नव विवाहित जोड़े ने गृह प्रवेश किया। रात्रि में कोई विवाद न हो इसके लिए युवती की माता को भी रात्रि में प्रणव के घर पर रहने की इजाजत दी है।





### जिले के गणमान्य लोगों ने कराया शालिनी-प्रणव के बीच समझौता

**मुजफ्फरनगर, 1 अप्रैल (बु.)।** नगर के गणमान्य लोग मंगलवार को पूरा दिन दोनों के बीच समझौता कराने में लगा दिया। दिन निकलते ही शुरू हुई समझौते की बात शाम 8 बजे जाकर दोनों परिवारों की सहमति के साथ समाप्त हुई। समझौता कराने वालों में सिर्फ शहर ही नहीं बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र त्यागी, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, चेयरमैन पति गौरव स्वरूप, समाजसेवी शंकर स्वरूप, भाजपा नेता विनीत कात्यायन, व्यापारी नेता संजय मित्तल व समाजसेवी भीम कंसल तथा मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ मौजूद रहे। गणमान्य लोगों ने दोनों परिवारों के बीच सहमति बनवाकर नवविवाहिता को रात्रि में घर भेजने में सफलता हासिल की।



## माँ दुर्गा की चौथी शक्ति

**||कूष्माण्डा||**



सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

## माँ दुर्गा की पंचमी शक्ति

**||स्कन्दमाता||**



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

# गैस की कीमत में 41 रुपये की बड़ी कटौती

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल (एजेंसी)।** नए वित्त वर्ष की शुरूआत के साथ ही ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी गैस के दाम घटा दिए हैं। देश की राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 41 रुपये की बड़ी कटौती की गई है। इस ताजा कटौती के बाद दिल्ली में अब 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 1762 रुपये हो गई है। नई कीमतें 01 अप्रैल, 2025 से लागू कर दी गई हैं। बताते चलें कि इस कटौती से पहले दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 1803 रुपये थी। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के इस फैसले से उन करोड़ों लोगों को राहत मिलेगी, जो ढाबे, रेस्टॉरेंट, होटल जैसी जगहों पर खाना पकाने के लिए इन कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं।

आज से लागू हुई इस नई कटौती के बाद कोलकाता में 19 किले वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 1872 रुपये हो गई है, जो पहले 1913 रुपय थी। मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1714.50 रुपये हो गई है, जो पहले 1755.50 रुपये थी और चेन्नई में अब कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1924 रुपये हो गई है, जो पहले 1965 रुपये थी। बताते चलें कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की 1 तारीख को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं। कंपनियां जरूरत के आधार पर गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ाती या घटाती हैं। कंपनियों ने पिछली बार 1 मार्च से कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 6 रुपये की बढ़ोतरी की थी। हालांकि, घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो के एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।



## सिर में हथौड़ा मारकर किया घायल

**मुजफ्फरनगर, 01 अप्रैल (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र में एक युवक को हथौड़ा सिर में मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। वहीं दूसरे मामले में आरोपियों ने युवक पर ईंटों से हमला कर सिर फोड़ दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खालापार निवासी रुखसाना ने बताया कि उसका बेटा जावेद अपनी बहन के घर जामियानगर में ईदी देने गया था। वापस लौटते समय जामियानगर तालाब के पास आरिफ, अफसर व उसके भाई समीर ने बेटे को रोककर गाली-गलौच कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व हथौड़े सिर में मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके अलावा मोहल्ला किदवईनगर निवासी मोहम्मद फिरोज ने बताया कि वह अपने भाई आस मोहम्मद के साथ टावर के पास बैठा हुआ था, तभी वहां आए अब्दुल ने उसके भाई के साथ गाली-गलौच कर दी। आरोपी ने ईट पत्थरों से हमला कर उसके भाई को घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रोहाना टोल प्लाजा पर बवाल, दबंगों ने टोल कर्मियों को बेरहमी से पीटा

**मुजफ्फरनगर, 01 अप्रैल (बु.)।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर रोहाना कलां मिनी टोल पर मारपीट का मामला सामने आया है। टोल न चुकाने पर कार सवार तीन लोगों ने टोल प्लाजा का बैरियर तोड़कर फेंक दिया। कर्मचारी के साथ मारपीट की, जिसे अन्य कर्मचारियों ने बचाया। इसके बाद आरोपी बिना टोल चुकाए ही भाग गए। दोपहर के समय तीन कारों में सवार होकर लगभग दस लोग टोल प्लाजा पर पहुंचे थे। उन्होंने टोल कर्मचारी से टोल का बैरियर हटाने के लिए कहा। कर्मचारी ने टोल का भुगतान करने को कहा, तो वह नाराज हो गए। इसके बाद कारों से लगभग दस लोग उतरे और उन्होंने गाली-गलौच करते हुए टोल का बैरियर तोड़कर फेंक दिया।

कर्मचारी ने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। यह देखकर अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो हमलावर गाड़ी चढ़ाकर मार देने की धमकी देने लगे। कर्मचारियों ने हमलावरों से टोल कर्मचारी को बचाया। इसके बाद कार सवार लोग फरार हो गए। टोल कर्मचारियों ने घटना के बारे में रोहाना पुलिस चौकी व डायल 112 पर जानकारी दी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना के बारे में टोल कर्मचारी रविंद्र पाल ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सीओ सिटी राजू कुमार साव ने बताया कि कर्मचारी का मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कराई जा रही है।



# कांवड़िये सड़क पर चलेंगे, हमने कभी मोहर्रम का जुलूस नहीं रोका, सड़क पर नमाज पर योगी का बड़ा बयान

**लखनऊ, 01 अप्रैल (एजेंसी)।** सड़क पर नमाज अदा करने को लेकर पूछे गए सवाल पर सीएम योगी ने कहा कि सड़क चलने के लिए होती है। वहीं, सड़क पर कांवड़ यात्रा निकालने पर उन्होंने कहा कि कभी मोहर्रम के जुलुस के लिए सरकार ने किसी को नहीं रोका। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क पर नमाज अदा करने को लेकर पूछे गए सवाल का विस्तार से जवाब दिया। सीएम योगी ने कहा कि सड़क चलने के लिए होती है और लोगों को हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए। 66 करोड़ लोग प्रयागराज में आए।

इस दौरान कहीं कोई लूटपाट नहीं, कोई आगजनी नहीं, छेड़छाड़ नहीं, अपहरण नहीं और कोई तोड़फोड़ नहीं हुई, ये होता है धार्मिक अनुशासन। श्रद्धाभाव के साथ आए, महास्नान के भागीदार बने फिर अपने गंतव्य चले गए। सीएम योगी ने कहा कि पर्व, त्योहार या कोई इस तरह के कार्यक्रम उदंडता करने के माध्यम नहीं बनने चाहिए। अगर आपको सुविधा चाहिए तो अनुशासन को मानना सीखिए। आप तुलना कर रहे हैं कांवड़ यात्रा की। कांवड़ यात्रा हरिद्वार से लेकर गाजियाबाद तक या अन्य क्षेत्रों में जाती है वो सड़क पर ही चलेगी। क्या हमने कभी परंपरागत मुस्लिम जुलूस (मोहर्रम) को कभी रोका है। हां ये जरूर कहा कि ताजिया के साइज थोड़ा छोटे कर लो, क्योंकि हाईटेंशन तार होंगे उसकी चपेट में आओगे मर जाओगे और यही होता है। सीएम योगी ने कहा कि कांवड़ा यात्रा में कांवरियों से भी डीजे के साइज छोटे करने के लिए बोला जाता है, उसमें शक्ति करते हैं। कानून सभी के लिए बराबर लागू किए जा रहे हैं। ईद में कौन सा प्रदर्शन करेंगे, घंटों सड़कें जाम करेंगे नमाज पढ़कर। नमाज पढ़ने की जगह ईदगाह होगी, मस्जिद होगी सड़क नहीं हो सकती।

# राणा सांगा सर्व हिन्दू जातियों के लिए पूजनीय

## - हिन्दू मोर्चा ने भरी हुंकार, राणा सांगा का नहीं सहेंगे अपमान - सपा नेताओं के खिलाफ 8 अप्रैल को होगा बड़ा प्रदर्शन - 36 बिरादरियों के जिम्मेदारों ने किया प्रदर्शन का ऐलान

**मुजफ्फरनगर, 01 अप्रैल (बु.)।** पूर्व में महाराणा सांगा के खिलाफ अपमानजनक बयान देने के विरोध में मंगलवार को संयुक्त हिंदू मोर्चा के तत्वावधान में जिले में 36 बिरादरियों के प्रतिनिधियों व हिंदू संगठनों की बैठक में सपा के सांसद रामजीलाल सुमन और सपा के मुखिया अखिलेश यादव के विरोध में निंदा प्रस्ताव रखा गया और 8 अप्रैल को इन दोनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। इस बैठक की अध्यक्षता किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष पूरण सिंह व संचालन हिंदू मोर्चा संस्थापक मनोज सैनी ने की। बैठक में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि महाराणा सांगा ने मात्र राजपूत समाज के लिए नहीं अपितु हिंदू समाज की रक्षा के लिए मुगल शासकों से लड़ाई लड़ी और वे संपूर्ण हिंदू समाज के लिए आदरणीय हैं। सपा सांसद



रामजीलाल सुमन दलित जातियों के लिए कलंक हैं, दलित जातियों के अनेक योद्धाओं ने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपने बलिदान दे रखे हैं। राणा सांगा, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी सभी की सेनाओं में दलित योद्धाओं की उस वक्त महत्वपूर्ण भूमिका थी। बैठक में मुख्य रूप से संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी, पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल, कृष्ण गोपाल मित्तल, अध्यक्ष वैश्य महासभा, राधेश्याम विश्वकर्मा विहिप, अभिषेक चौधरी गुर्जर समाज, ब्रह्मप्रकाश शर्मा सर्व ब्राह्मण महासभा, राजकुमार सिद्धार्थ सभासद व प्रतिनिधि दलित समाज, डॉ. योगेंद्र शर्मा शिव सेना, नंद किशोर पुंडीर, हरिओम त्यागी अध्यक्ष त्यागी महासभा, बिजेंद्र पाल, संजय सक्सेना पूर्व सभासद, लोकेश सैनी मंडल, बिट्टू सिखेड़ा जाट महासभा, अनूप सिंह राठी, मुकेश आर्य प्रधान आर्य समाज, दीपक सोम, पवन वर्मा, पवन गिरी, राजीव धीमान, वैभव यादव, शलभ गुप्ता व्यापारी नेता, समर ठाकुर, संदीप शर्मा, अक्षय शर्मा, पंकज भारद्वाज, राजू सैनी, बागेश अग्रवाल, कमलदीप, अखिलेश पुरी, राजेश कश्यप, अमरीश त्यागी, पुष्पेंद्र सैनी, सनी बत्रा, चेतन देव विश्वकर्मा, जितेंद्र गोस्वामी, शैंकी शर्मा, प्रदीप कोरी व अखिलेश शर्मा सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों को इस बीच उपस्थिति रही।

# भैंस चोर के साथ पुलिस की मुठभेड़, एक बदमाश गोली लगने से घायल



**जानसठ, 01 अप्रैल (बु.)।** मंगलवार की शाम लगभग चार बजे जानसठ से खतौली मार्ग के गांव अहमदगढ़ के सामने बसायच को जाने वाले रास्ते पर बदमाश के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। सीओ यतेंद्र नागर ने बताया कि मंगलवार की शाम लगभग चार बजे एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस जब जानसठ से खतौली मार्ग पर गांव अहमदगढ़ के सामने चैकिंग कर रही थी, तभी सूचना मिली कि गांव बसायच को जाने वाले मार्ग पर एक युवक ने कस्बे से चोरी की हुई भैंस खेत में बांध रखी है। पुलिस ने उसे घेर लिया, तो वह भैंस छोड़कर गांव की ओर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया। अपने आप को पुलिस से घिरा देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी बदमाश को घेर लिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश शाहनवाज पुत्र अब्दुल हकीम उर्फ मुन्ना निवासी मौहल्ला बेरियान कस्बा जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर है। सीओ ने बताया कि सोमवार की देर रात कस्बे के गंज मौहल्ले से राजबीर पुत्र रामस्वरूप की भैंस चोरी की थी। पुलिस ने शाहनवाज के पास से चोरी की गई भैंस बरामद की है। पूछताछ में शाहनवाज ने बताया कि उसके खिलाफ पूर्व में थाना जानसठ में दो मुकदमे तमंचे के और एक मुकदमा शराब का दर्ज है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि पुलिस ने उसके पास से सोमवार की रात को चोरी की गई भैंस, एक तमंचा व कारतूस व खोखा बरामद किये है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# ससुराल वालों ने चिता से उतरवाया दामाद का शव

## - श्मशान घाट पर ही जमकर हुआ हंगामा, पहुंची पुलिस




**आजमगढ़, 01 अप्रैल (एजेंसी)।** जनपद के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के कटरा बवाली मोड़ गांव में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां जहर खाने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवकुमार शिल्पकार (30) पुत्र मोहन ठठेरा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम लगभग 5 बजे शिवकुमार ने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे ठंडी सड़क स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां इलाज के दौरान सोमवार रात करीब 8 बजे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शिवकुमार की शादी बलिया जिले के रसड़ा क्षेत्र के पकवा इनार निवासी रूपा से हुई थी। दो महीने पहले उनकी पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया था और वह बच्चे के साथ अपने मायके में रह रही थी। 29 मार्च को बच्चे की अचानक मौत हो गई, जिसके बाद से शिवकुमार गहरे तनाव में था। उसका अपनी पत्नी से भी विवाद चल रहा था, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। मौत के बाद मंगलवार सुबह परिजन शव को तमसा नदी के गुजरपार तट पर जलाने के लिए ले गए। इसी दौरान ससुराल पक्ष के लोग वहां पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने इसकी सूचना मुबारकपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुबारकपुर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शिवकुमार अपने परिवार में पांच भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। इस घटना से परिवार में शोक की लहर है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में हवन के साथ हुआ नए सत्र का आगमन



**मुजफ्फरनगर, 01 अप्रैल (बुस.)।** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष में हवन का आयोजन किया गया। वैदिक ऋचाओं द्वारा दैविक शक्तियों के आह्वान के साथ पवित्र अग्नि कुंड में सुगंधित संविदा एवं घी की आहुति दी गई। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य सुशील कुमार, नवीन बिंदल सपत्नी रितिका बिंदल और अमित कुमार सपत्नी ऋतू शर्मा संग विद्यमान थे। प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ समस्त स्टाफ ने भी इस हवन में निष्ठा एवं श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। हवन को समर्पित पवित्र आहुतियों के बीच स्वाहा स्वर से विद्यालय का प्रांगण गरज उठा, जिससे वातावरण उमंग, उत्साह एवं उल्लास से परिपूर्ण हो गया। साथ ही विद्यालय के भवन का उद्घाटन भी किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को पूर्व की भांति इस वर्ष भी सत्र के सफल होने की शुभकामनाएं व्यक्त की।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 114, दिनांक 29/03/2018 में नाम गलती से शिवांश अंकित दर्ज हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम शिवांश कुमार है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

हेमन्त कुमार पुत्र महीपाल सिंह
मकान नं. 34, ग्राम अलावलपुर माजरा, मुजफ्फरनगर
मो. 9561972736

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर बीजेपी की बैठक सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर, 01 अप्रैल (बुस.)।** केंद्र सरकार के बेमिसाल 10 वर्ष ओर प्रदेश सरकार के बेमिसाल 8 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, प्रस्तावना जिला उपाध्यक्ष शरद शर्मा ओर संचालन जिला मंत्री सुधीर खटीक ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद ऊंटवाल, वरिष्ठ नेता श्रीमोहन तायल, ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी, गौरव पवार, गौतम जी और सभी भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चो, प्रकल्प, प्रकोष्ठ, विभाग के पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ प्रकरण-पुलिस को चुनौती देते युवकों की वीडियो वायरल

**मीरापुर, 01 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के कुछ युवकों की वीडियो वायरल हो रही है, उक्त वीडियो रसूलपुर गढ़ी में छेड़छाड़ का विरोध करने पर फायरिंग व पथराव करने वाले प्रधान पक्ष के युवक बताएं जा रहे हैं, जो पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। चार दिन पूर्व मीरापुर के गांव रसूलपुर गढ़ी में सक्का बिरादरी की युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवकों का विरोध करने पर आरोपी प्रधान पक्ष के युवकों ने पीड़ित पक्ष पर जमकर पथराव किया था और कई राउंड फायरिंग भी की थी, जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने प्रधान पक्ष के सात लोगों को नामजद व दस अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने उक्त मामले में प्रधान के भाई की तहरीर पर पीड़ित पक्ष के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया था, किन्तु पुलिस दोनों पक्षों में से चार दिन बाद भी किसी की गिरफ़्तारी नहीं कर सकी है। इसी बीच सोशल मीडिया पर मीरापुर क्षेत्र के कुछ युवकों की खुद को मोस्ट वांटेड बताते हुए एक वीडियो वायरल हो रही है, वायरल वीडियो में दिखाई पड़ रहे युवकों पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। वायरल वीडियो प्रधान पक्ष के युवकों की बताई जा रही है।

# टैक्सेशन बार एसोसिएसन की कार्यकारिणी ने कार्यभार संभाला

**मुजफ्फरनगर, 01 अप्रैल (बु.)।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन चुनाव अधिकारी मुनीष कुमार शर्मा एडवोकेट के सानिध्य में कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराने के साथ विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में राज कुमार गुप्ता अध्यक्ष, संदीप कुमार गर्ग उपाध्यक्ष, आशीष अग्रवाल महासचिव, मयंक अग्रवाल सचिव व अचिन सिंघल को वित्त सचिव के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान अधिवक्ता प्रदीप शर्मा, गौरव मित्तल, कमल शर्मा, नक्षत्र गर्ग और सरांश गर्ग को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से संघ के पैटर्न प्रेम प्रकाश एड., काउंसलर भोज राज अरोरा एड, जेके जैन एडवोकेट आदि उपस्थित रहे। मौजूद रहे सभी अधिवक्ताओं ने नई कार्य कारिणी को शुभकामनाएं देते हुए सहयोग देने का आश्वासन दिया।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 10484 दिनांक 18/09/2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम आयुष अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

शिवकुमार पुत्र शोभाराम
ग्राम- कुटबा, जिला-मुजफ्फरनगर
मो. 8283089077

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 8116 दिनांक 30/07/2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम काव्या अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

मोहित पुत्र स्व. देवी सिंह
ग्राम- सहावली, जिला-मुजफ्फरनगर
मो. 7505335419

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा दत्तक पुत्र दिपांशु सिंघल व उसकी पत्नी साक्षी सिंघल दोनों मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। मेरे दत्तक पुत्र दिपांशु सिंघल का उठना बैठना गलत लोगों में है। इसलिए मैंने अपने पुत्र दिपांशु सिंघल व उसकी पत्नी साक्षी सिंघल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैंने अपने दत्तक पुत्र दिपांशु सिंघल व उसकी पत्नी साक्षी सिंघल से अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। यदि वे दोनों किसी से कोई लेन-देन या गैर कानूनी कार्य करते हैं तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अनिता रानी पत्नी स्व0 सुभाष चन्द
वार्ड नं.-6, पुरानी सिसौली, मुख्य बाजार के पास,
हाल निवास-मौहल्ला नया बाजार सिसौली,
थाना-भौरा, जिला- मुजफ्फरनगर

## पुन: अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को लगने वाले पैंठ बाजार का ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 (01-04-2025 से 31-03-2026 तक) के लिये निर्धारित शर्तो के अधीन केवल ऑफलाईन टैन्डर प्रक्रिया द्वारा गठित समिति के माध्यम से दिनांक 09-04-2025 को अपराह्न 02 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार मुजफ्फरनगर में छोडा जाना है। टैन्डर डालने हेतु निर्धारित शर्तो के अनुसार राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गये अंकन 50 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (शासनादेशानुसार हैसियत प्रमाण पत्र निर्धारित तीन वर्ष की अवधि तथा चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित दो वर्ष की अवधि से पूर्व का न हो) तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी0ए0स0टी0 पंजीकरण प्रमाण पंत्र प्रस्तुत करना होगा। पैंठ बाजार ठेके के लिए मोहरबन्द टैन्डर आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक ठेकेदार अपने टैन्डर 09/04/2025 को कलैक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में रखे सील्ड बक्से में दोपहर 01 बजे से 02 बजे अपराह्न तक डाल सकते हैं। टैण्डर उसी दिन 02 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में खोले जायेंगे। टैन्डर की जमानत धनराशि को केवल एफ0डी0/बैंक गांरटी अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर के नाम **pledged** (गिरवी) करनी होगी। टैन्डर की अन्य विस्तृत शर्ते डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में देखी जा सकती हैं। टैण्डर सम्बंधी शर्ते एवं टैण्डर फार्म दिनांक 09-04-2025 दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस/समय में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर/कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से टैन्डर फार्म मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। **टैण्डर का ठेका/बोली पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 (01-04-2025 से 31-03-2026 तक) के लिये बोली जायेगी। टैण्डर प्रक्रिया से वर्क ऑर्डर जारी होने तक जितने पैंठ बाजार नही लगेगे उनकी अनुपातिक धनराशि ठेके की धनराशि से कम कर दी जायेगी।**
टैण्डर विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र0स0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | टैन्डर फार्म का निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार व शनिवार पैंठ बाजार का ठेका | दस लाख रूपये मात्र | 10,000/- + GST |

विकास कश्यप
नगर मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी/ डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी
मुजफ्फरनगर।

## कार्यालय ग्राम पंचायत हजूरनगर
### विकास खण्ड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-मीमो./रा0वि0/केन्द्रीय वि0 राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आपूर्ति — दिनांक 01/04/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हजूरनगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त, 15 वाँ वित्त, ओडीएफ प्लस, स्वच्छ भारत मिशन फेस - 2 (ग्रामीण के अन्तर्गत) मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण /मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, बालू, रेत, कोरसैन्ड, प्लास्टिक बैंक इन्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनर, सोलर लाईट सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैन्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्क लाईट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा/रेहडा, ओपन जिम सामग्री, आर ओ. वाटर कूलर, स्कूल /ऑफिस , आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाईज /फॉगिंग, जेसीबी द्वारा मिट्टी का कार्य, पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य, सेनेट्री फिटिंग सामग्री व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार /फर्म से दिनांक 08/04/2025 को दोपहर 01 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि 08/04/2025 को 03 बजे क्लस्टर मुख्यालय (हजूरनगर) में खोली जायेगी।निविदादाता का व्यापार कर /आयकर विभाग में पंजीकरण (मेंट को छोडकर ) होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हजूरनगर
विकास खण्ड-शाहपुर, मु0नगर

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत हजूरनगर
विकास खण्ड-शाहपुर, मु0नगर

## कार्यालय ग्राम पंचायत मंडावली बांगर
### विकास खण्ड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-मीमो./रा0वि0/केन्द्रीय वि0 राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आपूर्ति — दिनांक 01/04/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मंडावली बांगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त, 15 वाँ वित्त, ओडीएफ प्लस, स्वच्छ भारत मिशन फेस - 2 (ग्रामीण के अन्तर्गत) मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण /मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, बालू, रेत, कोरसैन्ड, प्लास्टिक बैंक इन्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनर, सोलर लाईट सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैन्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्क लाईट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा/रेहडा, ओपन जिम सामग्री, आर ओ. वाटर कूलर, स्कूल /ऑफिस , आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाईज /फॉगिंग, जेसीबी द्वारा मिट्टी का कार्य, पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य, सेनेट्री फिटिंग सामग्री व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार /फर्म से दिनांक 08/04/2025 को दोपहर 01 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि 08/04/2025 को 03 बजे क्लस्टर मुख्यालय (मंडावली बांगर) में खोली जायेगी।निविदादाता का व्यापार कर /आयकर विभाग में पंजीकरण (मेंट को छोडकर ) होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मंडावली बांगर
विकास खण्ड-शाहपुर, मु0नगर

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत मंडावली बांगर
विकास खण्ड-शाहपुर, मु0नगर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-2667/सा0प्र0/2024-25 — दिनांक:- 29/03/2025

### ई-निविदा सूचना।

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के श्री राम स्वीट्स से भोपा बाईपास तक एल0ई0डी0 तिरंगा रोप लाईट लगाने के कार्य हेतु व्यापार कर /आयकर/जी0एस0टी0 पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई- निविदा दिनांक 08/04/2025 की अपराह्न 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 02/04/2025 की प्रात: 10 बजे से दिनांक 08/04/2025 की अपराह्न 03:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू0 100/- के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी तथा निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी कराते हुए दिनांक 08/04/2025 की प्रात: 10 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई- निविदाओं को दिनांक 08/04/2025 को सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को सायं 04:00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है।

मार्ग प्रकाश प्रभारी
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कितास
### विकास खण्ड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-मीमो./रा0वि0/केन्द्रीय वि0 राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आपूर्ति — दिनांक 01/04/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कितास द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त, 15 वाँ वित्त, ओडीएफ प्लस, स्वच्छ भारत मिशन फेस - 2 (ग्रामीण के अन्तर्गत) मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण /मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, बालू, रेत, कोरसैन्ड, प्लास्टिक बैंक इन्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनर, सोलर लाईट सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैन्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्क लाईट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा/रेहडा, ओपन जिम सामग्री, आर ओ. वाटर कूलर, स्कूल /ऑफिस , आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाईज /फॉगिंग, जेसीबी द्वारा मिट्टी का कार्य, पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य, सेनेट्री फिटिंग सामग्री व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार /फर्म से दिनांक 08/04/2025 को दोपहर 01 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि 08/04/2025 को 03 बजे क्लस्टर मुख्यालय (कितास) में खोली जायेगी।निविदादाता का व्यापार कर /आयकर विभाग में पंजीकरण (मेंट को छोडकर ) होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कितास
विकास खण्ड-शाहपुर, मु0नगर

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत कितास
विकास खण्ड-शाहपुर, मु0नगर

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुबारकपुर
### विकास खण्ड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-मीमो./रा0वि0/केन्द्रीय वि0 राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आपूर्ति — दिनांक 01/04/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुबारकपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त, 15 वाँ वित्त, ओडीएफ प्लस, स्वच्छ भारत मिशन फेस - 2 (ग्रामीण के अन्तर्गत) मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण /मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, बालू, रेत, कोरसैन्ड, प्लास्टिक बैंक इन्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनर, सोलर लाईट सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैन्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्क लाईट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा/रेहडा, ओपन जिम सामग्री, आर ओ. वाटर कूलर, स्कूल /ऑफिस , आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाईज /फॉगिंग, जेसीबी द्वारा मिट्टी का कार्य, पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य, सेनेट्री फिटिंग सामग्री व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार /फर्म से दिनांक 08/04/2025 को दोपहर 01 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि 08/04/2025 को 03 बजे क्लस्टर मुख्यालय (मुबारकपुर) में खोली जायेगी।निविदादाता का व्यापार कर /आयकर विभाग में पंजीकरण (मेंट को छोडकर ) होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मुबारकपुर
विकास खण्ड-शाहपुर, मु0नगर

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत मुबारकपुर
विकास खण्ड-शाहपुर, मु0नगर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:- 01/E-Tender/P.W.D/NPP/2025-26 — दिनांक:- 01/04/2025

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2024-25 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 93 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 25/04/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 05/04/2025 की प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 25/04/2025 की अपराह्न 03:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 26/04/2025 की प्रात: 10:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते है।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

